प्रारुप–11
(मांग का औचित्य)

परियोजना विवरण :– माननीय मुख्यमंत्री घोषणा सं0 347/2018 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकासखण्ड़ कीर्तिनगर के अन्तर्गत चुन्नीखाल–नौड़ा–तेगड़ मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।(लम्बाई 11.650 कि0मी0)।

जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री घोषणा सं0 347/2018 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकासखण्ड़ कीर्तिनगर के अन्तर्गत चुन्नीखाल–नौड़ा–तेगड़ मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या–5221/।।।(2)/18–10 (एम0एल0ए0) /2017, दिनांक–23/10/2018 द्वारा लम्बाई (12.000 कि0मी0 + 24 मी0 विस्तार मोटर पुल) हेतु **रू0 40.56 लाख** (प्रथम चरण) की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु संरेखण अधीक्षण अभियन्ता, 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी के पत्रांक–5120/946 याता0–8/2019, दिनांक–01/08/2019 द्वारा अनुमोदित है। इस संरेखण में पडने वाले विभिन्न ग्रामों की पैदल दूरी मुख्य बाजार तेगड़ से लगभग 8.000 से 10.00 किमी0 है। चुन्नी–नौड़ा–तेगड़–धौलियाणा तक मोटर मार्ग को ले जाने के लिए नाप भूमि के साथ–साथ आरक्षित वनभूमि तथा सिविल भूमि की भी नितान्न आवश्यकता होगी। बिना आरक्षित भूमि व सिविल भूमि के मार्ग का निर्माण किया जाना असंम्भव है। एवं वर्तमान में ग्राम नौड़ा, धौलियाणा में कोई वैकल्पिक मार्ग भी नही है। अतः इन ग्रामो को संयोजित किया जाना औचित्यपूर्ण है। साथ ही ग्रामवासियों के लोकल प्रोडक्ट मुख्य बाजार में नही आ पाते हैं। और काश्तकारों को उनकी फसल का लाभ नही मिल पाता है। इस मोटर मार्ग के बनने से जहॉ लोगो के जीवन स्तर में सुधार होगा वही राष्ट्र की सम्पन्नता में भी वृद्धि होने की सम्भावना है। इसलिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली **3.3280 हे0** नाप भूमि (0.3285 हे0 मक डिस्पोजल सहित), **2.2365 हे0** सिविल भूमि, **0.00 हे0** वन पंचायत, **2.9810 हे0** आरक्षित भूमि, (0.062 हे0 मक डिस्पोजल सहित), की आवश्यकता होगी। जिसमें से **कुल 5.2175 हे0** वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। जिस हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव, स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अपर सहायक अभियन्ता	सहायक अभियन्ता	अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0लो0नि0वि0	अ0ख0लो0नि0वि0	अ0ख0लो0नि0वि0
कीर्तिनगर	कीर्तिनगर	कीर्तिनगर

वन क्षेत्राधिकारी
कीर्तिनगर राजि
नरेन्द्र नगर वन प्रभाग

उप प्रभागीय वनाधिकारी

उप वन संरक्षक
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनि की रेती (टि0 ग0)